कृष्णमणि तिवारी मौजूद थे।

आयकर विभा

केंद्रीय विद्यालय संगठन (मु.) नई दिल्ली

प्रवेश सूचना 2024-25

1. शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक
01.04.2024 (सोमवार) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 15.04.2024 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक होगा। प्रवेश
संबंधित विवरण वैबसाइट https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
2. कक्षा-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 06 वर्ष होनी अनिवार्य है। सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना
31.03.2024 के अनुसार होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2024-25 के
अनुसार किया जाएगा जो कि https://kvsangathan.nic.in पर उपलब्ध है।
3. कक्षा-II एवं ऊपर की कक्षाओं में, स्थान रिक्त होने पर ही, प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 01.04.2024
(सोमवार) प्रातः 08:00 बजे से दिनांक 10.04.2024 (बुधवार) सायं 4:00 बजे तक ऑफलाइन मोड (offilne
mode) द्वारा किया जा सकेगा। विधिवत भरे हुए फॉर्म को संबंधित के.वि. में प्राचार्य के कार्यालय में जमा करवाना
होगा।
4. कक्षा-II और उससे ऊपर के लिए प्रवेश और पंजीकरण प्रपत्रों के बारे में सभी जानकारी विद्यालयों की वेबसाइट
पर उपलब्ध है तथा प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रवेश- 2024-25 की अनुसूची के अनुसार किया जायेगा ।
5. कक्षा-II एवं उससे ऊपर की कक्षाओं के लिए पंजीकरण तभी स्वीकृत किए जाएंगे जब संबंधित के.वि. में रिक्ति
उपलब्ध होगी।
6. यदि आवेदन पत्र में कोई गलत, भ्रामक जानकारी दी गई है तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर
दिया जाएगा।
7. प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही सम्पर्क करे।

नोट - केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश सभी वर्गो के लिए खुले हैं।